Title: Regarding recent earth-quake in Nanded district of Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : सर, महाराट्र के मराठवाड़ा विभाग में नांदेड़ जिले के देगलूर ताल्लुका में, मिरखेल गांव में, भूकम्प के तीन बड़े झटके आये हैं। शाम को साढ़े पांच बजे के बाद लोगों में घबराहट फैल गयी। अभी तक दुर्घटना की पूरी जानकारी नहीं मिली है कि उसमें कितने लोगों को नुकसान हुआ है। महाराट्र के बगल में लातूर जिला है। धाराशिव जिला जिसे अब उस्मानाबाद कहते हैं जैसे औरंगाबाद को शंभाजी नगर कहते हैं, उसमें बहुत मकान गिर गये हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान देगलूर ताल्लुका की ओर आकृट करना चाहता हूं और चाहता हूं कि जहां भूकम्प से नुकसान हुआ है, वहां ज्यादा से ज्यादा मदद देने के साथ-साथ जो भूकम्प से विपत्ति आई है उसकी जानकारी सदन को दी जाए।